# मेरे सजना राधा रमणा | by Pallavi Gaba

टेढ़ी सी कमरिया हाथों में बाँसुरिया रंग का है जो काला
प्रेम का दरिया सबका सांवरिया नन्द का है जो लाला
बोलो सखी री कौन है वो
राधा रमणा मन मोहना
राधा रमणा मेरे सजना

कारी कारी अँखियाँ, आगे पीछे सखियाँ, मधुबन रास रचाये
यमुना का जल भी रुक जाये जब मुरली मधुर बजाये
बोलो सखी री कौन है वो
राधा रमणा मन मोहना
राधा रमणा मेरे सजना

ग्वाल बाल संग करे सबको तंग मटकी फोड़ गिराए
चीर चुराकर छिप जाए उसे लाज शरम ना आये
बोलो सखी री कौन है वो
राधा रमणा मन मोहना
राधा रमणा मेरे सजना

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%9c%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a4%ae%e0%a4%a3%e0%a4%be-by-pallavi-gaba/